GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS
DEPARTMENT OF FERTILIZERS

**RAJYA SABHA**

**UNSTARRED** QUESTION **NO. 2902** TO BE ANSWERED **ON: 29.03.2022**

**Availability of fertilizers to farmers**

**2902: SHRI RAM NATH THAKUR:**

Will the **Minister of CHEMICALS AND FERTILIZERS** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the supply of Di-ammonium Phosphate (DAP) and Urea fertilizers is being reduced in Bihar;
(b) whether it is also a fact that the farmers have to buy DAP and Urea at a higher price due to the reduced supply thereof; and
(c) if so, whether Government proposes to provide DAP and Urea to farmers at fixed price?

**ANSWER**

MINISTER OF STATE FOR CHEMICALS AND FERTILIZERS
**(SHRI BHAGWANT KHUBA)**

(a) : No Sir. Government of India has ensured adequate/comfortable availability of Di-ammonium Phosphate (DAP) and Urea fertilizers in the State of Bihar. However, in between the season, the State highlighted shortfall of DAP fertilizer, particularly in few districts. Accordingly, based on the requests of State Government, DAP rakes were moved to meet the requirement.

(b) & (c): No sir. The State Government of Bihar has informed that the State has taken various steps under Zero Tolerance Policy to ensure timely availability of fertilizer at the right price. Strict action is being taken against the guilty fertilizer dealers/company/officers and staff. The details of raids/inspection conducted in Rabi Season 2021-22 & actions taken (upto 24.03.2022) are as follows:

| No. of Raids | FIR lodged | License Cancelled | License Suspended | Show Cause |
|---|---|---|---|---|
| 6290 | 171 | 305 | 63 | 280 |

**********

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित** प्रश्न संख्या **2902**

जिसका उत्तर मंगलवार, 29 मार्च, 2022/8 चैत्र, 1944 (शक) को दिया जाना है।

**किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता**

**2902. श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार में डाईअमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और यूरिया उर्वरकों की आपूर्ति कम की जा रही है;

(ख) क्या यह भी सच है कि डीएपी और यूरिया की आपूर्ति कम किये जाने के कारण किसानों को अधिक कीमत पर इन्हें खरीदना पड़ता है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार किसानों को निर्धारित मूल्य पर डीएपी एवं यूरिया उपलब्ध कराने पर विचार रखती है?

उत्तर

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(भगवंत खुबा)**

**(क):** जी, नहीं। भारत सरकार ने बिहार राज्य में डाईअमोनियम फास्फेट (डीएपी) तथा यूरिया उर्वरकों की पर्याप्त/सहज उपलब्धता सुनिश्चित की है। तथापि, मौसम के बीच में, राज्य ने विशेषकर कुछ जिलों में डीएपी उर्वरक की कमी का उल्लेख किया। तदनुसार, राज्य सरकार के अनुरोध के आधार पर, मांग को पूरा करने के लिए डीएपी रेक भेजे गए।

**(ख) और (ग):** जी नहीं। बिहार राज्य सरकार ने सूचित किया है कि राज्य ने सही कीमत पर उर्वरक की समय से उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए 'जीरो टोलरेंस पॉलिसी' के तहत कई कदम उठाए हैं। दोषी उर्वरक विक्रेताओं/कंपनी/अधिकारियों तथा कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। रबी मौसम 2021-22 में निष्पादित छापे/निरीक्षण तथा की गई कार्रवाई (24.03.2022 तक) का ब्यौरा इस प्रकार है:-

| छापों की संख्या | दर्ज एफआईआर | रद्द किए गए लाइसेंस | निलंबित लाइसेंस | कारण बताओ |
|---|---|---|---|---|
| 6290 | 171 | 305 | 63 | 280 |

*******